## संपादकीय

# बदलते मौसम से सबक लेंगे

वर्ष 2029 में होने वाला अगला लोक सभा चुनाव अप्रैल के अंत तक खत्म हो जाएगा क्योंकि देश भर के कई राज्यों में तीव्र गर्मी के कारण मतदान में गिरावट आई है।

यह कहना है मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का। इस बार आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक हुए। इस दौरान उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप बना रहा। उप्र और बिहार समेत अन्य राज्यों में चुनाव डयूटी में तैनात कई मतदानकर्मियों की गर्मी के चलते मौत तक हो गई। ढेरों गश खाकर गिर गए, उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाना पड़ा।

निर्वाचन आयोग ने स्वीकारा कि बदलते मौसम से हम सबक लेंगे। खुश होने की बात यह है कि इस बार चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत कुल 64.2 करोड़ देशवासियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दुनिया की सबसे बड़ी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में 68 हजार से अधिक निगरानी दल तथा डेढ़ करोड़ मतदान और सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त का कहना है कि 2024 के आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार सहिता उल्लंघन की 495 शिकायतें आई जिनमें से 90न्न से अधिक का निपटारा किया गया। हालांकि विपक्ष ने लगातार आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया। भीषण गर्मी में चुनाव कराने की आलोचनाओं के बाद अगले चुनाव अप्रैल में ही संपन्न कराए जाएंगे, कहने से आयोग की गलती छोटी नहीं हो जाती। अव्वल तो उस वक्त इस कुर्सी पर जो आयुक्त होगा, इस बारे में बेहतर ढंग से निर्णय लेने का इख्तियार उसका होगा।

दूसरे, 42 दिनों लंबे सात चरणों की इस चुनाव अनुसूची को तय करते वक्त गर्मी बढ़ने के विषय में विचार किया जाना बेहद जरूरी था। कहना न होगा कि मौसम की यह मार अचानक नहीं हुई। देश के कुछ इलाकों में मई-जून के दरम्यान पड़ने वाली भीषण गर्मी से हम सब अच्छे से वाकिफ हैं।

सवाल यह है कि चुनाव डयूटी पर मारे गए कर्मचारियों के परिवारों/आश्रितों के विषय में आयोग मौन क्यों रहा? उसे अपनी गलती सुधारने, उन्हें श्रृद्धांजलि देने के साथ आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाने के लिए आगे आने का प्रयास करते नजर आना चाहिए। सरकार से गुजारिश करनी चाहिए कि वह उनका बीमा करे, उन्हें चिकित्सा सुविधाएं दे और उनके योगदान की सार्वजनिक तौर पर सराहना की जाए।

# आरबीआई ने रीपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव लेकिन जीडीपी का वृद्धि अनुमान बढ़ाया

**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार रीपो दर और अपने रुख में किसी तरह का बदलाव नहीं करने का निर्णय किया। मगर उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान थोड़ा बढ़ाया है।

मौद्रिक नीति समिति के 4 सदस्यों ने रीपो दर और उदार रुख को वापस लेने के प्रस्ताव का समर्थन किया जबकि समिति में बाहरी सदस्यों आशिमा गोयल और जयंत वर्मा ने रीपो दर में 25 आधार अंक की कटौती करने और तटस्थ रुख पर जोर दिया। पिछली बैठक में वर्मा अकेले सदस्य थे जिन्होंने दर में कटौती के लिए आवाज उठाई थी।

मौद्रिक नीति समिति के निर्णय के बारे में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'मुद्रास्फीति में नरमी आ रही है मगर खाद्य मुद्रास्फीति अभी भी ऊंची बनी हुई है।' उन्होंने कहा, 'हम सही दिशा में हैं मगर अभी और काम करना बाकी है।'

मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रीपो दर में 250 आधार अंक की बढ़ोतरी के बाद से आरबीआई ने दर में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है और उदार रुख को वापस लेने के अपने विचार पर भी अडिग रहा है।

नोमुरा में प्रबंध निदेशक और मुख्य अर्थशास्त्री (भारत और जापान को छोडक़र पूरे एशिया) सोनल वर्मा ने कहा, 'आरबीआई की निर्णय उम्मीद के अनुरूप है मगर समिति के सदस्यों की अलग-अलग राय जरूरत चकित करती है।'

उन्होंने कहा, 'दो बाहरी सदस्यों ने रीपो दर में कटौती के लिए वोट किया जबकि पहले केवल एक सदस्य इसके पक्ष में थे। इससे संकेत



मिलता है कि आगे समिति में मतभेद बढ़ रहा है। मगर मुझे नहीं लगता कि यह दर में कटौती का संकेत है क्योंकि ऐसा करने के लिए समिति में आरबीआई के सदस्यों के विचार बदलने होंगे।'

उन्होंने कहा कि अक्टूबर में पहली बार दर में कटौती की उम्मीद है और चालू वित्त वर्ष में इसमें 75 आधार अंक की कमी आ सकती है। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगस्त में होगी और बाहरी सदस्यों का चार वर्षीय कार्यकाल की यह अंतिम बैठक होगी।

इस साल मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद से आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के 4.5 फीसदी पर रहने का अनुमान लगाया है। दास ने कहा कि आधार प्रभाव के कारण दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति में ज्यादा गिरावट दिख सकती है मगर तीसरी तिमाही में यह रूझान बदल सकता है। दास ने कहा, 'खाद्य कीमतों के झटके बार-बार लगने से अपस्फीति की प्रक्रिया सुस्त पड़ गई।'

मौद्रिक नीति की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दास ने कहा कि 4 फीसदी मुद्रास्फीति के लक्ष्य तक पहुंचने का अंतिम सफर काफी कठिन है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा, 'आगे जलवायु संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के बढऩे के कारण पैदा होने वाली चुनौतियों के कारण खाद्य मुद्रास्फीति के लिए अनिश्चितता का माहौल पैदा हो सकता है।' दास ने इस बात को खारिज किया कि घरेलू मोर्चे पर नीति निर्धारण के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अनुकरण करना चाहिए।

# हवाई अड्डा उद्योग का लाभ 35% बढ़ने की उम्मीद

**नईदिल्ली**

भारतीय हवाई अड्डा उद्योग का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) वित्त वर्ष 25 में पिछले साल के मुकाबले 35 प्रतिशत तक बढक़र 10,370 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। दमदार मांग और विमानों के ऑर्डर, उत्पाद, ब्रांड, प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व निवेश के बीच ऐसा होने की संभावना है। विमानन क्षेत्र की सलाहकार फर्म कापा इंडिया के उपाध्यक्ष परमप्रीत सिंह बख्शी ने आज यह जानकारी दी।

दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई को छोडक़र ज्यादातर बड़े हवाई अड्डों पर वित्त वर्ष 24 के दौरान घरेलू यातायात राष्ट्रीय औसत के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ा है। दिल्ली में अपनी कंपनी के वार्षिक शिखर सम्मेलन में बख्शी ने कहा कि सभी प्रमुख हवाई अड्डों में जोरदार अंतरराष्ट्रीय सुधार नजर आया है।

सरकार के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), जो देश में 100 से ज्यादा हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है, का लाभ वित्त वर्ष 24 और वित्त वर्ष 25 में मजबूत रहने की उम्मीद है। हाल ही में जिन छह गैर-महानगरों वाले हवाई अड्डों का निजीकरण किया गया है, उनसे राजस्व की हिस्सेदारी हासिल करने के साथ-साथ वैमानिकी राजस्व में वृद्धि की वजह से एएआई का राजस्व बढऩे के आसार हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि एएआई इन निजीकृत हवाई अड्डों से जुड़े किसी भी खर्च को वहन नहीं करेगा, इसलिए प्राधिकरण के लाभ में इजाफा होने वाला है।

उन्होंने एबिटा का जिक्र करते हुए कहा कि देश भर में महानगरों और गैर-महानगरों में हवाई अड्डों का बुनियादी ढांचा मांग से ज्यादा है। हवाई अड्डों की क्षमता के लिहाज से हम पहली बार पीछे नहीं रहने की कोशिश कर रहे हैं। मझोले और छोटे शहरों के हवाई अड्डों समेत 11 अरब डॉलर का निवेश प्रस्तावित है। भारतीय हवाई अड्डा उद्योग को वित्त वर्ष 25 में 18,090 करोड़ रुपये (2.2 अरब डॉलर) का एबिटा लाभ और 10,370 करोड़ रुपये (1.3 अरब डॉलर) का कर पूर्व लाभ होने का अनुमान है।

## बांग्लादेश की श्रीलंका पर दो विकेट से रोमांचक जीत

**डलास।** बांग्लादेश ने श्रीलंका को टी 20 विश्व कप के मुकाबले में शनिवार को दो विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने काफी धैर्य दिखाया और 125 के छोटे लक्ष्य को छह गेंद और दो विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। बांग्लादेश की जीत के स्टार रहे युवा स्पिनर ऋषद हुसैन, जिन्होंने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन पर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उनकी महत्वपूर्ण सफलताओं,जिनमें चरित असालंका (19) और वानिंदू हसारंगा (0) के लगातार गेंदों पर विकेट शामिल हैं, ने मैच का रुख बांग्लादेश की तरफ मोड़ दिया। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने 2/25 और मुस्तफिजुर रहमान ने 3/17 विकेट लेकर श्रीलंका के बल्लेबाजों को अंकुश में रखा। पथुम निसंका, जिन्होंने 47 रन बनाए, की ठोस शुरुआत के बावजूद, बांग्लादेश की अनुशासित गेंदबाजी के सामने श्रीलंका की पारी कभी भी वह गति हासिल नहीं कर पाई, जिसकी उसे जरूरत थी। एंजेलो मैथ्यूज ने अपने 16 रनों के साथ कुछ देर से आतिशबाजी प्रदान करने की कोशिश की, लेकिन श्रीलंका 20 ओवरों में 9 विकेट पर 124 रन के निचले स्तर के स्कोर पर समाप्त हुआ।

# बजाज ऑटो ने लॉन्च किया नया किफायती ई-स्कूटर चेतक 2901

**नईदिल्ली**

इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में बजाज ऑटो जैसी बड़ी कंपनियां आने से होड़ बढऩे के आसार हैं। कंपनी ने आज किफायती कीमत पर अपना सबसे सस्ता ई-स्कूटर चेतक 2901 बाजार में उतार दिया। पिछले कुछ महीनों में कई बड़ी वाहन कंपनियों ने कम कीमत वाले ई-स्कूटर बाजार में दस्तक दी है।



उद्योग विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ी दोपहिया वाहन कंपनियों की नजर अब 1 लाख रुपये से कम कीमत वाले ई-स्कूटर बाजार पर टिक गई है और इसमें उनकी बाजार हिस्सेदारी भी काफी बेहतर हो चुकी है।

किफायती ई-स्कूटर का करीब 80 फीसदी हिस्सा बढ़ी क्पनियों के पास है। साल भर पहले उनके पास 50-60 फीसदी बाजार ही था। चेतक 2901 की कीमत 95,998 रुपये से शुरू होती है। इसमें 2.8 किलो वॉट आवर (केडब्ल्यूएच) की बैटरी है। स्कूटर मैक्सिमम 63 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ 123 किलोमीटर तक दौड़ सकता है।

कंपनी के ही अन्य मॉडलों चेतक अर्बन (2.9 किलोवॉट) की कीमत 1.23 लाख रुपये से और चेतक प्रीमियम (3.2 किलोवॉट) की कीमत 1.47 लाख रुपये से शुरू होती है।

ओला, ऐथर और टीवीएस जैसी कंपनियों के पास बजाज जैसी कंपनी के उत्पादों को टक्कर देने वाली कीमत के स्कूटर हैं। ओला ने हाल ही में एस1एक्स (4 केडब्ल्यूएच) की कीमत घटाकर 70,000 रुपये कर दी थी। ऐथर ने परिवार के लिए बने अपने स्कूटर रिश्ता को 1.1 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथा उतारा है और टीवीएस आईक्यूब की कीमत 1.1 लाख रुपये से शुरू होती है।

# अफगानिस्तान की न्यूज़ीलैंड पर 84 रन से सनसनीखेज जीत

**जार्जटाउन**

अफगानिस्तान ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए गयाना में टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मुकाबले में न्यूज़ीलैंड को 84 रन से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया।

अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया और फिर न्यूज़ीलैंड को 15.2 ओवर में मात्र 75 रन पर समेट दिया। फज़्लहक फारूकी और राशिद खान ने चार-चार विकेट लेकर न्यूज़ीलैंड का बोरिया-बिस्तर बांध दिया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए न्यूज़ीलैंड ने काफी गलतियां कीं। उन्होंने एक स्टम्पिंग छोड़ी और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर एक कैच छोड़ा। अफगानिस्तान के ओपनरों ने इन गलतियों का पूरा फायदा उठाते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दी।



रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया और 56 गेंदों में 80 रन बनाए। इब्राहिम जादरान ने 41 गेंदों में 44 रन बनाकर उत्कृष्ट समर्थन प्रदान किया, जबकि अज़्मतुल्लाह उमरज़ई ने केवल 13 गेंदों में 22 रनों का योगदान दिया। लॉकी फर्ग्यूसन ने अंतत: उमरजई को कैच कराकर साझेदारी तोड़ी, लेकिन नुकसान पहले ही हो चुका था। न्यूजीलैंड द्वारा अंतिम ओवर में उनके स्कोर को सीमित करने के बावजूद अफगानिस्तान 19 ओवर के भीतर 150 रन तक पहुंचने में सफल रहा और अपनी पारी 159/6 पर समाप्त की।

160 रनों का पीछा करते हुए, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लाइनअप अफगानिस्तान के गेंदबाजों के दबाव के कारण ढह गई। फजलहक फारूकी ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए 3.2 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर 4 विकेट लिए। फिन एलन, डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल के प्रमुख विकेटों सहित उनके शुरुआती हमलों ने न्यूजीलैंड को झकझोर कर रख दिया।

# नॉर्वे शतरंज: मैग्नस कार्लसन, जू वेनजुन ने जीते खिताब

**स्टावेंजर**

मैग्नस कार्लसन और जू वेनजुन ने नॉर्वे शतरंज में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीत लिए हैं।

कार्लसन और फाबियानो कारूआना ने अंतिम राउंड में अपनी क्लासिकल बाजी ड्रा खेली और विजेता का फैसला आर्मगेडन टाई ब्रेकर से हुआ। कार्लसन ने कारूआना को टाई ब्रेकर में हरा दिया। इस जीत से कार्लसन ने पहले स्थान पर अपना संयुक्त कब्ज़ा सुनिश्चित कर लिया। उन्हें हिकारू नाकामूरा और प्रज्ञाननंदा आर के बीच बाजी के परिणाम का इन्तजार था।

नाकामूरा को शीर्ष पर आने के लिए हर हाल में यह बाजी जीतनी थी। लेकिन मैच ड्रा समाप्त हुआ। 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने टाई ब्रेक जीता और नॉर्वे शतरंज में अपने पदार्पण में नाकामूरा के बाद तीसरे स्थान पर रहे। अलीरेजा फिरोजा डिंग लिरेन का मुकाबला भी ड्रा रहा और अलीरेजा ने टाई ब्रेक में बाजी जीती। इन परिणामों के साथ, कार्लसन ने अपना छठा नॉर्वे शतरंज खिताब जीत लिया है। घरेलू देश के हीरो के लिए यह बहुत बड़ी जीत है, क्योंकि उन्होंने हाल के




दिनों में कई क्लासिकल टूर्नामेंट नहीं खेले थे। महिलाओं की प्रतियोगिता में, जू वेनजुन ने टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने क्लासिकल गेम में चीन की अपनी हमवतन और वर्ल्ड चैंपियनशिप चैलेंजर लेई तिंगजी को हराया। एक अन्य गेम में, अन्ना मुज़िचुक और कोनेरू हम्पी ने अपना गेम ड्रा कराया, जिसका मतलब था कि मुज़िचुक की टूर्नामेंट जीतने की संभावनाएँ ख़त्म हो गईं। हालाँकि, मुज़िचुक आर्मगेडन में जीत हासिल करने में सफल रही और महत्वपूर्ण 1.5 अंक हासिल कर टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट का आखिरी गेम युवा भारतीय प्रतिभा वैशाली आर और पिया क्रैम्लिंग के बीच था। जबकि वैशाली ने एक समय में जीत की स्थिति हासिल कर ली थी, यह क्रैम्लिंग ही थी जो एंडगेम में जीत के लिए जोर लगा रही थी, लेकिन गेम शांतिपूर्वक समाप्त हो गया।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज वित्तीय योजनाओं से जुड़े कामों पर ध्यान देंगे। आज आपको किसी काम में विशेष फायदा होने वाला है। आज घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज किसी विशेष काम के प्रति आपकी बहुत अधिक मेहनत होगी और उसके सकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे। अगर प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई काम रुका है तो उससे संबंधित फैसले लेने का उचित समय है।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से किसी कार्य को लेकर चल रही योजनाएं कामयाब होगी। आपकी लगन और मेहनत आपको उचित परिणाम हासिल करवाएगी।

***कर्क-*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में जरुरत पडऩे पर भाइयों या नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा। उनकी सलाह से परेशानियों से निजात मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति से उलझने से बचना चाहिए।

***सिंह-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर कुछ ना कुछ नया करने के बारे सोचेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के समय परिवार का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। आज आप आत्मविश्वास और ऊर्जा द्वारा अपने अन्य कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

***तुला-*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी खास मित्र के साथ मेल मुलाकात होगी, और किसी विशेष मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होंगे।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में कोई खुशखबरी मिलने से पूरा दिन खुशनुमा बीतेगा। प्रभावशाली और अनुभवी व्यक्ति के सानिध्य में समय बिताने का मौका मिलेगा।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में बदलाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है तो उस पर काम करने के लिए अच्छा समय है। कोशिश करने पर कोई मनचाहा काम पूरा हो सकता है।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवरटाइम भी करना पड़ेगा। विवाहित जीवन मधुरता से परिपूर्ण रहेगा। घर के बड़े बुजुर्गों के अनुशासन व देख रेख से घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कोशिश और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलने के योग हैं। आज किसी प्रशासनिक कार्य में किसी राजनीतिक व्यक्ति की मदद भी मिल सकती हैं।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद सभी कार्य सहज रूप से पूरे हो जाएंगे। घर में आए मेहमानों के उचित आवभगत भी करेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी।

# जॉन अब्राहम की वेदा को मिली रिलीज तारीख

**बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 से होगा सामना**

पठान के बाद जॉन अब्राहम एक और एक्शन थ्रिलर से पर्दे पर धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। इसी साल अभिनेता की फिल्म वेदा की अनाउंसमेंट हुई थी। फिल्म के धमाकेदार टीजर के बाद दर्शक जुलाई में इसके रिलीज का इंतजार कर रहे थे। मगर अब फिल्म जुलाई में थिएटर्स में दस्तक नहीं देगी।

निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम के साथ लीड रोल में शरवरी वाघ पर्दे पर




दिखाई देंगी। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है।

जॉन अब्राहम की तरफ से वेदा का धांसू पोस्टर के साथ नई रिलीज डेट का एलान किया गया है। इंसाफ की जंग लडऩे के लिए जॉन अब्राहम ने स्वतंत्रता दिवस का दिन चुना है। जी हां, मूवी 15 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस, वो आ रहे हैं, इंसाफ की जंग लडऩे। वेदा 15 अगस्त को रिलीज हो रही है।

जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा की टक्कर किसी और के साथ नहीं बल्कि अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ होने वाली है। यह फिल्म भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। 2021 में आई अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसके सीक्वल को लेकर खूब बज बना हुआ है।

## डिज़्नी+ हॉटस्टार ने अर्का मीडिया के सहयोग से हॉटस्टार स्पेशल यक्षिणी की घोषणा की

डिज़्नी+ हॉटस्टार ने अपनी नवीनतम मूल श्रृंखला, हॉटस्टार स्पेशल्स यक्षिणी का खुलासा किया, जो रोमांस, फंतासी और कॉमेडी का एक मनोरम मिश्रण है। तेजा मार्नी द्वारा निर्देशित, यह महत्वाकांक्षी परियोजना स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाती है, जो दर्शकों को एक आकर्षक यात्रा की पेशकश करती है जहां प्यार की शक्ति एक यक्षिणी के मिशन के साथ जुड़ती है। यह घोषणा अपने वैश्विक दर्शकों को विविध और सम्मोहक मनोरंजन अनुभव प्रदान



करने के लिए डिज़्नी+हॉटस्टार के समर्पण को रेखांकित करती है।

प्राचीन विद्या और आधुनिक समय के रोमांस पर आधारित, यक्षिणी कृष्ण की कहानी बताती है, जो सच्चे प्यार की एक निराशाजनक रोमांटिक लालसा है, और माया, एक यक्षिणी है जो एक प्राचीन अभिशाप से पृथ्वी पर बंधी हुई है।

# कल्कि 2898 एडी से अमिताभ बच्चन की पहली झलक आई सामने, दिखा दमदार अवतार

कल्कि 2898 एडी इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित है। इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी नाग अश्विन के ऊपर है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। वहीं फिल्म के नया पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसके बाद से फैंस की उत्सुकता इस फिल्म के लिए और अधिक बढ़ गई है।




निर्माता फिल्म को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी साझा कर रहे हैं। कुछ ही देर पहले मेगास्टार अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार वाला एक नया पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। फिल्म के इस पोस्टर में अमिताभ बच्चन अपने हाथ में अस्त्र को थामे और माथे पर एक दिव्य मणि पहने हुए दिलचस्प अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वह किसी युद्ध के लिए तैयार खड़े हैं। वह युद्ध के मैदान के बीच में खड़े दिखाई दे रहे हैं, उनके आस-पास कुछ लोग जमीन पर पड़े हुए हैं, उनके पीछे कोई बड़ा वाहन भी दिखाई दे रहा है। पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, इंतजार जल्द ही खत्म होगा, फिल्म का ट्रेलर तीन दिनों में रिलीज होने वाला है। 10 जून को रिलीज होगा।

निर्माता फिल्म को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी साझा कर रहे हैं। कुछ ही देर पहले मेगास्टार अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार वाला एक नया पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। फिल्म के इस पोस्टर में अमिताभ बच्चन अपने हाथ में अस्त्र को थामे और माथे पर एक दिव्य मणि पहने हुए दिलचस्प अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वह किसी युद्ध के लिए तैयार खड़े हैं। वह युद्ध के मैदान के बीच में खड़े दिखाई दे रहे हैं, उनके आस-पास कुछ लोग जमीन पर पड़े हुए हैं, उनके पीछे कोई बड़ा वाहन भी दिखाई दे रहा है।

## शब्द सामर्थ्य- 82

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |